भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1591
सोमवार, 9 फ़रवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

बल्लारी में ईएसआई अस्पताल

†1591. **श्री ई. तुकाराम:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कर्नाटक के बल्लारी में स्वीकृत 100 बिस्तरों वाला कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) का अस्पताल कई वर्ष पूर्व स्वीकृत होने के बावजूद अभी तक कार्यशील नहीं हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या यह सच है कि उक्त अस्पताल के लिए भूमि पहले ही आवंटित की जा चुकी है और बुनियादी कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन अस्पताल के मुख्य भवन का निर्माण कार्य अभी तक नहीं हुआ है;
(ग) यदि हां, तो निविदा जारी करने और निर्माण कार्य शुरू करने में विलंब के क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार ने अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को शुरू और पूरा करने के लिए कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा बल्लारी जिले में कामगारों और उनके परिवारों को शीघ्रातिशीघ्र ईएसआई चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के लिए उक्त कार्य में तेजी लाने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने बल्लारी में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल के निर्माण के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडीब्ल्यूडी) को कार्य सौंपा है। परियोजना अवधारणात्मक योजना के चरण में है। निर्माण के विभिन्न चरणों जैसे विस्तृत अवधारणा योजना, विभिन्न प्राधिकरणों की मंजूरी/अनापत्ति आदि के अनुसार ऐसी परियोजनाओं के पूरा होने की समय-सीमा अलग-अलग होती है।

बल्लारी जिले में ईएसआई लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधाएं बल्लारी में दो ईएसआई योजना डिस्पेंसरियों और एक टाई-अप अस्पताल के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं।

*****